Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 7

Total No. of Questions : 24

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा 2022-23

## विषय कोड : 1214

## राजनीतिशास्त्र

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके लिए 1 × 33 = 33 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द-सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द-सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 15 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए— 1×7=7

(क) वर्तमान समय में यूरोपीय संघ के सदस्यों की संख्या कितनी है ?

(1) 18 (2) 38

(3) 27 (4) 20

(ख) समाजवादी क्रान्ति कब हुई ?

(1) 1915 (2) 1917

(3) 1921 (4) 1939

(ग) डोकलाम प्रकरण 2017 में किन दो देशों के मध्य उत्पन्न हुआ ?

(1) चीन और भारत (2) भारत और पाकिस्तान

(3) भारत और रूस (4) भारत और अफ़गानिस्तान

(घ) निम्न में से कौनसा देश सार्क का सदस्य नहीं है ?

(1) चीन (2) भारत

(3) पाकिस्तान (4) श्रीलंका

(ङ) संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस कब मनाया जाता है ?

(1) 24 सितंबर (2) 24 अक्टूबर

(3) 22 दिसंबर (4) 24 दिसंबर

(च) भारत के प्रथम गृह मंत्री थे :

(1) वल्लभभाई पटेल (2) भीम राव अंबेडकर

(3) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (4) पट्टाभि सीतारमैया

(छ) कृषि क्षेत्र में क्रांति आई :

(1) हरित क्रान्ति से (2) नीली क्रान्ति से

(3) सफेद क्रान्ति से (4) उत्पादन क्रान्ति से

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×7=7

(क) रूसी मुद्रा का नाम .............................. है।

(ख) भारत .............................. में अर्थव्यवस्था है।

(ग) चीन ............................ महाद्वीप में है।

(घ) गुट-निरपेक्ष आन्दोलन के नेता ............................ थे।

(ङ) भाजपा गठबंधन के पहले प्रधान मंत्री ............................ थे।

(च) राजा हरिसिंह ............................ के राजा थे।

3. सही जोड़ी बनाइये — 1×7=7

| | |
|---|---|
| (1) चीन का भारत पर आक्रमण | (1) मत्स्य पालन |
| (2) 10 दिसंबर को मनाया जाता है | (2) 1972 |
| (3) सुन्दरलाल बहुगुणा | (3) 1962 |
| (4) नीली क्रान्ति | (4) मानव अधिकार दिवस |
| (5) पंचशील | (5) पर्यावरण आन्दोलन |
| (6) इन्दिरा गांधी | (6) मयावती |
| (7) बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष | (7) गरीबी हटाओ |

4. एक शब्द में उत्तर दीजिए— 1×6=6

(1) तिब्बती धर्म गुरु कौन है ?

(2) भारत द्वारा शांति सेना किस देश में भेजी गई ?

(3) संयुक्त राष्ट्र संघ में कुल कितने सदस्य देश हैं ?

(4) पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?

(5) पेड़ों की कटाई रोकने हेतु कौनसा आन्दोलन चलाया गया ?

(6) भारत के कौनसे प्रधान मंत्री ने नई आर्थिक नीति अपनाई ?

5. सत्य/असत्य लिखिए— 1×6=6

(1) विश्व की एकमात्र महाशक्ति अमेरिका है ?

(2) कोविड-19 से विश्व प्रभावित नहीं हुआ है ?

(3) अल कायदा आतंकवादी संगठन नहीं है ?

(4) चिपको आन्दोलन दक्षिण भारत में कर्नाटक से शुरू हुआ।

(5) हैदराबाद विदेशी रियासत थी।

(6) राजीव गांधी देश के दूसरे प्रधान मंत्री थे।

6. दूसरी दुनिया से आप क्या समझते हैं ? 2

**अथवा**

बर्लिन की दीवार किसका प्रतीक है ? समझाइये।

7. मानव जाति को खतरा किससे है ? संक्षेप में लिखिए। 2

**अथवा**

आतंकवाद किसे कहते हैं ?

8. पर्यावरण सुरक्षा हेतु **दो** सुझाव दीजिए। 2

**अथवा**

भारत में कौनसे बांध विरोधी आन्दोलन चलाए गए ?

9. आर्थिक उदारीकरण के **दो** लाभ बताइये। 2

**अथवा**

जम्मू-कश्मीर की सीमा किन देशों से लगी है ? उनके नाम लिखिए।

10. हरित क्रांति क्या है ? समझाइये। 2

अथवा

पहली पंचवर्षीय योजना में किस बात पर जोर दिया गया था ?

11. सोवियत संघ के विघटन के कारण लिखिए। 3

अथवा

सोवियत प्रणाली की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

12. भारत देश कब स्वतन्त्र हुआ ? 3

अथवा

स्वतन्त्रता के बाद भारत की प्रमुख चुनौतियाँ कौनसी थीं ?

13. सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत का बिस्मार्क क्यों कहा जाता है ? 3

अथवा

विश्व की सुरक्षा क्यों आवश्यक है ?

14. नारी स्वतन्त्रता से क्या आशय है ? 3

अथवा

केन्द्र-शासित राज्यों के नाम लिखिए।

15. भारत-श्रीलंका मतभेद के कारण समझाइये। 4

अथवा

पंचशील सिद्धान्त क्या है ? समझाइये।

16. संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के योगदान के बारे में संक्षेप में लिखिए। 4

अथवा

ताशकंद समझौता क्या था ? उसके मुख्य प्रावधान बताइये।

17. दल बदल का क्या अर्थ है ? समझाइये। 4

**अथवा**

लोकतन्त्र क्या है ? यह देश के लिए क्यों आवश्यक है ?

18. क्षेत्रवाद क्या है ? 4

**अथवा**

क्षेत्रीयता के दुष्परिणाम या प्रभाव बताइये।

19. भारत विभाजन के प्रमुख कारण लिखिए। 4

**अथवा**

योजना आयोग के कार्य बताइये।

20. भारत और चीन विवाद के मामलों की पहचान कीजिए और उन्हें कैसे निपटाया जाए अपने सुझाव दीजिए। 5

**अथवा**

चीन और भारत की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौजूदा एकध्रुवीय विश्व व्यापार को चुनौती देने की क्षमता है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ?

21. भारत के दक्षिण एशियाई देशों के साथ किस प्रकार के संबंध रहे ? स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

भारत-पाक कश्मीर समस्या को स्पष्ट कीजिए।

22. भारत की विदेश नीति के प्रमुख सिद्धान्त कौन-कौनसे हैं ? 5

**अथवा**

नि:शस्त्रीकरण का क्या अर्थ है ? उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

23. भारत की विदेश नीति देश की समृद्धि का आधार है। व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

सन् 1971 में इन्दिरा गांधी की सफलता के कारण लिखिए।

24. कांग्रेस प्रणाली क्या है ? विस्तार से समझाइये। 5

**अथवा**

क्षेत्रीय आन्दोलन देश के विकास में बाधक है। स्पष्ट कीजिए।